हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]




किसकी अनुमति से शहर में लग रहा मीना बाजार, कमिश्नर व एसडीएम को भनक नहीं




प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu. AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त

(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष महाविद्यालय

बेलभाठा, अभनपुर

प्राचार्य - 99261-62830


## खबर संक्षेप

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के प्रकरण में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत एक प्रकरणों हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम मटासी, निवासी स्व बजरू राम भगत का कुआं के पानी में डूबने से 24 मार्च 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम मृतक के पुत्र मदन राम भगत, अंतोनिश राम, पुत्री अंजू, मंजू और पुष्पा हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 4482.3 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 4482.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 10 जुलाई तक की स्थिति में 2830.7 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 267.6 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 452.6 मिमी, मनोरा में 563.1 मिमी, कुनकुरी में 614.5 मिमी, दुलदुला में 295.5 मिमी, फरसाबहार में 422.6 मिमी, बगीचा में 449.0 मिमी, कांसाबेल में 469.5 मिमी, पत्थलगांव में 380.3 मिमी, सन्ना में 509.3 मिमी एवं बागबहार में 325.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### वृद्ध ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** पेट दर्द की दवा की जगह वृद्ध ने कीटनाशक पी लिया। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत गणेशपुर मोड रामनगर निवासी रूपचंद हाजरा (82 वर्ष) 8 जून की सुबह लगभग 9.30 बजे उल्टी कर रहा था। इसी दौरान परिजन ने पूछताछ की तो वृद्ध ने पेट दर्द की दवा पीने की बात बताई। इधर कीटनाशक की गंध आने पर परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पूर्व मंत्री अमरजीत गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मैनपाट में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन के दौरान उस वक्त हंगामा मच गया जब पूर्व मंत्री अमरजीत भगत को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूर्व मंत्री श्री भगत सरगुजा में खाद की किल्लत को लेकर किसानों के साथ सीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। इसके पूर्व ही पुलिस व प्रशासन ने बीच में ही उनका रास्ता रोक लिया और पूर्व मंत्री को हिरासत में लेकर कमलेश्वरपुर थाने में बैठाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर पूर्व मंत्री श्री भगत ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह प्रजातांत्रिक व्यवस्था में घोर आपत्तिजनक है। बता दें कि क्षेत्र में इन दिनों खरीफ की खेती के कार्य में किसान जुटे हुए है लेकिन वर्तमान में खेती के लिए किसानों को खाद बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहे है ऐसे में उनकी चिताएं बढ़ गई है।

महुआ शराब लेकर बेचने जा रहा था अधेड़, रास्ते में ही पकड़ाया

# दान पेटी से 20 हजार उड़ाया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में बुधवार की शाम पुलिस के लिए चुनौती और कामयाबी दोनों लेकर आई। एक तरफ पत्थलगांव थाना क्षेत्र के लुड़ेग गांव में मंदिर की दान पेटी तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, तो वहीं दूसरी तरफ कुनकुरी थाना क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति 8 लीटर अवैध महुआ शराब लेकर बाजार में बेचने निकल पड़ा। दोनों मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धर दबोचा और जेल भेज दिया।



पुलिस गिरफ्त में चोरी का आरोपी।

### टूटी दान पेटी देख कर उड़े होश

जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र के लुड़ेग गांव की है। 28 वर्षीय दीपांशु अग्रवाल रोज की तरह बुधवार शाम 5:30 बजे हनुमान मंदिर पहुंचे। जैसे ही उन्होंने मंदिर में कदम रखा, उन्होंने देखा कि दान पेटी टूटी हुई है। यह देखकर उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाया और मंदिर के पुजारी दीपक को भी सूचना दी। पुजारी दीपक ने बताया कि दान पेटी में करीब 20 से 25 हजार रुपये जमा थे। मामला गंभीर था, लिहाजा दीपांशु ने तत्काल थाना पत्थलगांव पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### मंदिर के आसपास मंडरा रहा था आरोपी

पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया और बीएनएस की धारा 305 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि घटना के समय एक संदिग्ध युवक मंदिर के आसपास मंडरा रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उस युवक सद्दाम खान (19 वर्ष), निवासी रायकेरा कदमटिकरा, थाना सीतापुर, जिला अंबिकापुर को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी की बात कबूल की और बताया कि कुछ पैसे खर्च कर चुका है। पुलिस ने उसके कब्जे से 4,720 नकद बरामद किए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है, और शेष रकम की बरामदगी के लिए कार्रवाई जारी है।

## 8 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ाया आरोपी



वहीं दूसरा मामले में थाना कुनकुरी पुलिस को शाम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब लेकर बिक्री के लिए जा रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम बेहराटोली की ओर रवाना हुई। थोड़ी ही देर में पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति मिला, जिसके पास एक प्लास्टिक बोरी थी। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनिल मिंज (46 वर्ष), निवासी बेहराटोली, कुनकुरी बताया। बोरी की तलाशी लेने पर 8 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद हुई। आरोपी शराब के वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इस पर उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**पुलिस टीम की सतर्कता से दोनों मामले सुलझे:** कुनकुरी मामले में निरीक्षक राकेश यादव, प्रधान आरक्षक दलेश्वर यादव, गोविंद यादव, और आरक्षक विनोद तिर्की की टीम ने प्रमुख भूमिका निभाई।

**पुलिस पूरी तरह अलर्ट, अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने दोनों मामलों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस सजग और तत्पर है। चाहे मंदिर से चोरी हो या अवैध शराब का कारोबार किसी भी तरह के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता की सुरक्षा और कानून का सम्मान हमारी प्राथमिकता है।



## शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर में विधिक जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के सहयोग से विशेष मध्यस्थता अभियान राष्ट्र के लिये मध्यस्थता अंतर्गत प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर श्री सत्येन्द्र कुमार साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जशपुर जनार्दन खरे एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जशपुर क्रांति कुमार सिंह के द्वारा शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर जशपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जशपुर श्री जनार्दन खरे द्वारा नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के संबंध में कानूनी जानकारी, शिक्षा का अधिकार, संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्य, नशा मुक्ति, बालश्रम निषेध, मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, समझौते के माध्यम से प्रकरण निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के संबंध में जानकारी दी गई। द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जशपुर क्रांति कुमार सिंह द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत विधिक सहायता व सलाह हेतु पात्रता, घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006, किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के संबंध में जानकारी दी गई।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ के संयुक्त मंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

संयुक्त मंच के बैनर तले छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर रोहित व्यास को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्रीमती कविता यादव ने केंद्र संचालन में आ रही विभिन्न स्थानीय समस्याओं से कलेक्टर रोहित व्यास को अवगत कराते हुए इसके निराकरण की मांग की है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की लंबित मांगो को लेकर संयुक्त मंच ने प्रदेश भर में एकदिवसीय ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम तय किया था। कार्यक्रम के अनुसार जिले में भी संयुक्त मंच का प्रमुख हिस्सा छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। यहां जिलाध्यक्ष श्रीमती कविता यादव के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी कलेक्टर रोहित व्यास से मुलाकात किये और विभिन्न लंबित मांग को पूरा करने निवेदन किया।



कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ।

**क्या कहती हैं अध्यक्ष**

जिलाध्यक्ष श्रीमती कविता यादव ने कहा कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में हम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आर्थिक रूप से,मानसिक रूप से परेशान हैं,विभागीय काम के अलावा भी कई सारे हमसे काम लिया जाता है जिसके कारण विभगीय काम में बाधा उत्पन्न होता है।

### प्रमुख मांगे

- **नियमितीकरण :** देश मे 50 वर्ष से लागू आइसीडीएस योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत कार्यकर्ता सहायिकाओ को भी शिक्षाकर्मी .पंचायत कर्मी .की तरह शासकीय करण की नीति बनाकर शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए और कार्यकर्ता को तृतीय श्रेणी और सहायिका को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित किया जावे।
- **जीने लायक वेतन :** शासकीय कर्मचारी घोषित होते तक पूरे देश मे एक समान वेतन कार्यकर्ता को प्रतिमाह 26000/- और सहायिका को 22100/-( कार्यकर्ता का 85% ) शीघ्र लागू किया जावे।
- **सेवा निवृत्ति पश्चात पेंशन ग्रेजुवेटी :** 35-40 वर्ष विभाग की सेवा करने के बाद भी बुढ़ापे के समय जीवन यापन हेतु ना तो कोई पेंशन मिल रहा है और ना ही एक मुस्त राशि कार्यकर्ता को ₹10000/और सहायिका को ₹8000/मासिक पेंशन और बुढ़ापे के शेष जीवन यापन के लिए कार्यकर्ता को 5 लाख रुपये और सहायिका को 4 लाख रुपये एक मुस्त ग्रेजुवेटि राशि प्रदान किया जावे।
- **समूह बीमा योजना लागू करना :** भविष्य की सुरक्षा के लिये आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओ के लिए समाजिक सुरक्षा के रूप मे सेवानिवृत्ति पर सभी कार्यकर्ता सहायिकाओ को .पेशन .ग्रेज्युवेटी .समूह बीमा और कैशलेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जावे।
- **अनुकंपा नियुक्ति :** कार्यकर्ता सहायिका के आकस्मिक मृत्यु होने पर परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिया जावे ।
- **महंगाई भत्ता :** विगत कुछ सालों में महंगाई में बेहताशा वृद्धि हुई है, वर्तमान मानदेय से घर चलाना सम्भव नहीं है इसलिए हमारे मानदेय को महंगाई भत्ता के साथ जोड़ा जाय महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जाय।
- पदोन्नति बाबत वर्षों से अल्प मानदेय में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को पदोन्नति के पद,रिक्त होने के बाद भी 50% का प्रतिबंध होने के कारण इन्हें इसका लाभ नहीं मिल रहा है 50% का बंधन को समाप्त किया जाय और कार्यकर्ता को बिना उम्र बंधन के वरिष्टता क्रम में बिना परीक्षा के सुपरवाइजर के रिक्त शत प्रतिशत पद पर लिया जाय, इसी तरह सहायिकाओ को भी 50% के बंधन को समाप्त कर कार्यकर्ता के पद रिक्त होने पर शत प्रतिशत वरिष्टता क्रम में कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति किया जाए।

### किशोरी ने कमरे में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** किशोरी ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन उसे निजी अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इधर मृतिका की मां ने पति व बेटे पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दर्रीपारा निवासी अनन्या कश्यप आ. काशीनाथ कश्यप (14 वर्ष) बीती रात लगभग 10 बजे किराना दुकान से सामान लेकर घर पहुंची और अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगा ली। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे फांसी से उतार निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन किशोरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रधानमंत्री आवास उज्ज्वला और महतारी वंदन योजना से मिली नई दिशा

## शासन की योजनाओं ने बदली ग्रामीण परिवार की ज़िंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम खटंगा के एक साधारण परिवार की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है, जहां शासन की तीन योजनाओं ने एक साथ उनकी ज़िंदगी को नई दिशा दी है। सुरेशराम की पत्नी श्रीमती सुमित्रा बाई बताती हैं, “पहले हम कच्चे घर में रहते थे।

बरसात हो या गर्मी, हमेशा डर बना रहता था। पानी टपकता था, दीवारें गिरने का डर और रात-बिरात सांप, बिच्छू का डर अलग से। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला पक्का घर अब हमारे लिए एक नई दुनिया जैसा है। अब न डर है, न परेशानी घर भी साफ-सुथरा है, और बच्चों को पढ़ने-लिखने का भी अच्छा माहौल मिल गया है।”उनकी बेटी कुमारी संगीता बताती है, “जब कच्चा घर था, तब हम पढ़ाई भी ठीक से नहीं कर पाते थे। बरसात के दिन बहुत दिक्कत होती थी। अब जब पक्का घर मिला है, तो मन लगता है। हम अब बहुत खुश हैं।”सुमित्रा बाई आगे बताती हैं, “प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर और चूल्हा मिलने से अब हम धुंआरहित खाना बना पाते हैं। पहले जंगल से लकड़ी लाना पड़ता था, आग जलाना — सब बहुत मुश्किल था। आंख में जलन, खांसी और समय भी ज़्यादा लगता था। अब रसोई में आसानी से खाना बन जाता है।”उन्होंने आगे बताया कि, “मुझे मुख्यमंत्री महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1000 रूपए मिलते हैं। उसी से हम तेल, नमक, साबुन जैसे ज़रूरी सामान खरीद लेते हैं। कभी बेटी को स्कूल के लिए कॉपी-किताब भी लेना हो, तो उसी से काम चल जाता है।”परिवार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताया।




पीएम योजना के तहत् मिले मकान में बेटी के साथ सुमित्रा बाई।

# जिले के किसानों को मिला फसल बीमा का मुआवजा

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन ने खरीफ 2025 सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं असमय वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि, कीट प्रकोप और अन्य जोखिमों से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है। कृषि विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ सीजन 2024 में जिले के 701 किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा मुआवजा कुल 1 करोड़ 25 लाख 52 हजार 1 रूपए मिला था, जो इस योजना की सफलता और किसानों को होने वाले लाभ का स्पष्ट प्रमाण है। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, बशर्ते उन्होंने खरीफ 2025 के लिए फसल ऋण लिया हो। लेकिन अऋणी कृषकों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र सीएससी सेंटर अथवा मोबाईल एप्प के द्वारा या बचत खाताधारक किसान संबंधित बैंक में जाकर बीमा करा सकते है।

- अऋणी कृषक 31 जुलाई तक बीमा कराकर ले सकते हैं योजना का लाभ



फसल मुआवजा लेने पहुंचे किसान।

सर्पदंश के संबंध में सभी पीएचसी में तैयारी रखते हुए लोगों को जागरूक करने दिए निर्देश

# जिला पंचायत में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**जशपुरनगर।** जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने जिले में संचालित सभी एम्बुलेंसों की स्थिति एवं संचालन पर समीक्षा करते हुए सभी 15 वर्ष से पुरानी गाड़ियों को सेवा से हटाकर नीलाम करने एवं सभी एम्बुलेंस संचालकों की जानकारी सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को उपलब्ध कराने को कहा।

उन्होंने मनोरा एवं पंडरापाठ विकासखंडों में पहुंचविहीन क्षेत्रों के लिए बाइक एम्बुलेंस को क्रियाशील कर संचालित करने के निर्देश दिए। वर्षा ऋतु के दौरान मौसमी बीमारियों के सम्भावित फैलाव को देखते हुए सभी मितानिनों के पास दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में आकस्मिक उपचार हेतु भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आईआईटी बॉम्बे द्वारा संचालित पोषण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए साप्ताहिक समीक्षा करते हुए मैदानी सर्वे के द्वारा योजना की प्रगति की समीक्षा करने को कहा। जिले में स्वास्थ्य केंद्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थित विद्युत कनेक्शन एवं ऑपरेशन थिएटरों में वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों द्वारा जेनेरिक दवाइयां देने के निर्देश दिए एवं इसकी नियमित जांच के लिए अधिकारियों को आकस्मिक निरीक्षण कर लिखी जा रही दवाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों के लिए एनक्वास सर्टिफिकेशन की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी केंद्रों को सर्टिफिकेशन के लिए मानकों के अनुसार तैयारी करने के निर्देश दिए। सर्पदंश के मामलों पर चर्चा करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में आपात स्थितियों के लिए सभी तैयारी रखने तथा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार हेतु उपलब्ध व्यवस्थाओं के संबंध में लोगों को जागरूक करने को कहा। राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा लोगों को प्रोत्साहित कर स्वास्थ्य केंद्रों तक लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गर्भवती माताओं को गर्भाधान की शुरुआत से ही एएनसी पंजीकरण कराकर उनकी नियमित देखभाल करने को कहा। उन्होंने जिले में संस्थागत प्रसव की प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रवार समीक्षा करते हुए जिस भी केंद्रों में 03 महीने में एक भी डिलीवरी नहीं हुई है।

- मितानिनों के पास पर्याप्त मात्रा में दवाइयां सुनिश्चित करने के निर्देश



स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते कलेक्टर।

## सिंगीबहार से अबीरा सड़क मार्ग का कार्य प्रगतिरत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में अधोसंरचना विकास के लिए मिल रही कार्यों की स्वीकृति और निर्माण कार्य में तेजी से जिले की तस्वीर तेजी से बदल रही है।

विकास की जीवनरेखा कही जाने सड़कों के निर्माण से अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है। साथ ही सुदूर इलाके मुख्य मार्गों से जुड़ रहे है। इसका लाभ कृषक, विद्यार्थियों, व्यापारियों, ग्रामीणों सहित समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के पहल पर स्वीकृत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत फरसाबहार विकासखंड में 3 करोड़ 3 लाख 43 हजार रूपए की लागत के टी आर-01 सिंगीबहार से अबीरा सड़क मार्ग पर सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रगतिरत है। 5.60 किमी लंबाई की यह सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य पूर्ण हो जाने से आसपास के गांवों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सड़क छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा को भी जोड़ता है। इसी तरह दुलदुला विकासखंड में पीएमजेएसवाई अंतर्गत 3 करोड़ 55 लाख 36 हजार रूपए लागत के 17.22 किमी लंबाई की जमनी से दुलदुला और फरसाबहार विकासखंड में 3 करोड़ 87 लाख 03 हजार रूपए की लागत के 14 किमी लंबाई की पालेपखना से पंडरीपानी सड़क मार्ग का भी सुदृढ़ीकरण कार्य प्रगतिरत है।

- जमनी से दुलदुला और पालेपखना से पंडरीपानी सड़क मार्ग का सुदृढ़ीकरण कार्य भी है प्रगतिरत

## खबर संक्षेप



### जनपद सभाकक्ष में मनाया गया पंचायत दिवस

**कुसमी।** जनपद सभाकक्ष में आज पंचायत सचिव दिवस का आयोजन सचिव संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष बसंती भगत,जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी कहा कि सचिव के बिना ग्राम पंचायत के विकास की परिकल्पना नहीं कि जा सकतीं, सचिव ही ऐसा है जिसे पंचायत के सभी व्यक्ति की जानकारी रहती है। शासन की समस्त योजना को धरातल पर विकास कार्य करने में सराहनीय योगदान होता है। हम सभी को मिलकर जनपद पंचायत को अग्रणी बनाने में भरपूर कोशिश रहेगी। सचिव परिवार संघ के साथ के साथ पंचायत दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि जिन सचिव का वेतन किसी भी कारण से रुके हुए हैं उन्हें संबंधित लिपिक संदीप सिन्हा को तत्काल बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संतोष राम, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, देवसाय भगत, धनीराम भगत, महेश बुनकर सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संजय पैकरा द्वारा किया गया।

### मोंटफोर्ट स्कूल के स्काउट और गाइड विद्यार्थियों ने किया पौध रोपण



**अम्बिकापुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम थीम अंतर्गत जिले में आज वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मैनपाट स्थित बायो डायवर्सिटी पार्क में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के सभी कैबिनेट मंत्री, जिला प्रशासन के अधिकारी तथा वन विभाग के सभी उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सरगुजा के सीनियर रोवर्स ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पौध रोपण किया। आज मोंटफोर्ट स्कूल के स्काउट और गाइड विद्यार्थियों ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए विद्यार्थियों ने अन्य विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सहयोग दिया।

### पूर्व मंत्री को हिरासत में लेना लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन : परवेज आलम

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी,अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने एक प्रेम विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इन दिनों किसान खाद-बीज की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। खेती-किसानी पर निर्भर राज्य के अन्नदाता दिन-प्रतिदिन लंबी कतारों, कालाबाजारी के शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की इच्छा जताई थी, ताकि किसानों की समस्याओं को सीधे सरकार के समक्ष रखा जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह रही कि एक जनप्रतिनिधि और किसानों के हितों की आवाज़ को सुनने के बजाय, पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें मिलने से पहले ही हिरासत में ले लिया गया। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है, बल्कि किसानों की आवाज़ को दबाने का शर्मनाक प्रयास भी है।

### गिरने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुन्दरपुर निवासी जगदीश कोरवा आ. चैतू कोरवा (45 वर्ष) 3 जुलाई की सुबह घर के आंगन में फिसल कर गिर गया था जिससे सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गत दिन घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### नदी पार करने के दौरान घुनघुट्टा नदी में बहा ग्रामीण

अम्बिकापुर। विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पुहपुटरा मं उफनती घुनघुट्टा नदी को पैदल पार करने के दौरान एक ग्रामीण नदी के तेज धार में बह गया। सूचना पर पहुंचे परिजन ने नदी के आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। थक-हारकर परिजन ने उसके लापता होने की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई है। लखनपुर पुलिस के अनुसार पुहपुटरा निवासी बलिराम गोंड़ मंगलवार को अराह्न 1 बजे घुनघुट्टा नदी पार कर कृष्णपुर दर्रीपरा निवासी अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस दौरान नदी का बहाव तेज होने के कारण वे बह गए।

## पूरे सावन 24 घंटे कांवर यात्रियों के लिए खुला रहेगा मांगलिक भवन

# कांवरिया सेवा समिति ने मांगलिक भवन में की कांवर यात्रियों के रूकने व भोजन की व्यवस्था



पहले जत्थे का स्वागत करते समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाली कावड़ यात्रियों के निशुल्क रुकने एवं भोजन की व्यवस्था नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित मांगलिक भवन में कांवरिया सेवा समिति द्वारा किया गया है। समिति प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ आज शुभारंभ हुआ। कांवरियों का पहला जत्था पेंड्रा एवं कोटा से पहुंचा था। कावड़ यात्रियों ने रामानुजगंज में रुकने एवं भोजन की बेहतर व्यवस्था साफ सफाई की जमकर सराहना की।

**खास बात**

- पेंड्रा एवं कोटा से पहुंचा पहली कांवरियों की टोली

गौरतलब है कि शुक्रवार से श्रावण मास प्रारंभ होने वाला है उसके पूर्व से ही श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बैजनाथ धाम जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के कावड़ यात्री भी इसी रास्ते से झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाते हैं। विगत कुछ वर्षों से नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में कांवरिया सेवा समिति के माध्यम से नगर में कावड़ यात्रियो के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था प्रारंभ की गई। मांगलिक भवन को कावड़ यात्रियों के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था के पूर्व साफ सुथरा एवं सुसज्जित किया गया है जो पूरे सावन मास में 24 घंटे कावड़ यात्रियों के लिए खुला रहेगा। मंगलवार की देर शाम पुजारी विनय पांडे द्वारा विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भोजन सेवा का शुभारंभ कराया गया। यह निशुल्क सेवा पूरे श्रावण मास यहां चलेगी।

### कैसे पहुंचे मांगलिक भवन

अंबिकापुर से 110 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रामानुजगंज अंबिकापुर मुख्य मार्ग के अग्रसेन चौक से 500 मीटर की दूरी पर मांगलिक भवन स्थित है। यहां पहुंचने का रास्ता बिल्कुल सीधा है। कांवरिया सेवा समिति द्वारा भवन से 500 मीटर पहले से ही संकेतक लगा दिए गए हैं।

### रुक सकते हैं एक साथ 300 से अधिक लोग

मांगलिक भवन में पर्याप्त पार्किंग के साथ-साथ ऐसी व्यवस्था की गई है कि यहां 300 से अधिक लोग एक समय में एक साथ रुक सकते हैं। कांवड़ यात्रियों के लिए 10 बड़े कमरे एवं एक बड़ा हाल हमेशा उपलब्ध रहता है।

### सेवा के लिए तत्पर पर रामानुजगंज

कांवरिया सेवा समिति द्वारा निशुल्क भोजन एवं रुकने की व्यवस्था मांगलिक भवन में की गई है जहां सेवा करने के लिए नगरवासी 24 घंटे तत्पर रहते हैं। प्रतिदिन अलग-अलग समूह के लोग सेवा के लिए सुबह से ही जुट जाते हैं। देर रात तक यहां सेवा के लिए श्रद्धालुओं का समर्पण और तत्परता देखा जा सकता है।

### 20 वर्षों से जारी है बाबा धाम की यात्रा, इस वर्ष भी जत्था निकाल सावन के पहले दिन चढ़ाएंगे जल

**अम्बिकापुर।** नगर के बिलासपुर रोड से बाबा 11 समिति के सदस्यों द्वारा लगातार 20 वर्षों से सावन के महीने में बाबा धाम की यात्रा जारी है। इस वर्ष भी सावन शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं का जत्था बाबा धाम की यात्रा के लिए बुधवार को निकला। सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं का यह जत्था बाबा धाम में भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। बता दें कि बाबा 11 समिति के सदस्य प्रतिवर्ष सावन के पहले ही बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हो जाते हैं। यह सिलसिला 20 वर्षों से अनवरत जारी है। इस वर्ष सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसे लेकर समिति के श्रद्धालु बुधवार को बाबा धाम यात्रा के लिए रवाना हुए।



रवाना होने से पहले श्रद्धालु सबसे पहले मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना किए। श्रद्धालुओं में जयशंकर साहू, गांधी पासवान, अविनाश तिवारी, वीर यादव सहित अन्य मौजूद थे। सावन के पहले दिन भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के बाद यह जत्था वापस होगा।

## एप के माध्यम से पैसे कमाने का लालच देकर 20 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बलरामपुर जिले की चलगली पुलिस ने अधिक पैसा कमाने का झांसा देकर ऑनलाइन एप के माध्यम से ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने लोगों से 20 लाख रुपए से अधिक की ठगी की है। पुलिस ने आरोपी को महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से आरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार एन्टो फागस्टा ऐप के प्रमोटरो-संचालकों द्वारा मार्च से सितंबर 2024 के मध्य चलगली क्षेत्र में अधिक पैसा कमाने का लालच देकर अनेकों ग्रामीणों से ऑनलाइन एप के माध्यम से रुपए लगवाए। आरोपियों ने सिर्फ चलगली क्षेत्र में ही 20 लाख 81 हजार 827 रूपए की ठगी की गई। ठगी के शिकायत की जांच की पुष्टि के बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 319 (2) BNS व आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपियों ने ग्रामीणों को एप के प्रकार प्रसार के लिए कुछ मोबाइल नम्बर से वाट्सएप कॉल से फोन कर पैसा लगाने का झांसा दिया। ऐसे में एसपी वैभव बैंकर, एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी एसडीओपी रामअवतार ध्रुव के निर्देशन में पुलिस ने मोबाइल नम्बर के आधार पर आरोपियों की तलाश की। इस दौरान महाराष्ट्र के नागपुर से आरोपी परितोष मन्ना को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने परितोष कंस्ट्रक्शन फर्म नाम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक व आईडीबीआई बैंक में खाता खोलवाकर उन खातों में ग्रामीणों का पैसा प्राप्त कर ठगी की। पुलिस की जांच में खातों से लाखों रुपए के लेनदेन की पुष्टि भी हुई है।

पुलिस ने मामले में आरोपी मूलतः पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदनीपुर कोलाघाट कोलागछिया निवासी 42 वर्षीय परितोष मन्ना आ. नीतई मन्ना को महाराष्ट्र के नागपुर प्रेमनगर से गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चलगली बीएल भारद्वाज, आरक्षक संजय जायसवाल, राजकिशोर पैकरा, राजकुमार सिंह सक्रिय रहे।

## मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**सूरजपुर।** शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में मत्स्य बीज उत्पादन कार्य का निरीक्षण कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू द्वारा किया गया। सहायक संचालक मछली पालन एमएस सोनवानी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को प्राप्त लक्ष्य स्पान उत्पादन 400 लाख एवं स्टैण्डर्ड फ्राई उत्पादन 80 लाख से अवगत कराया गया। इसके विरुद्ध में वर्तमान तक 120 लाख स्पान उत्पादन, प्राप्त कर लिया गया है और आगे भी कार्य जारी है। कलेक्टर द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी, स्पॉनिंग पूल, इनक्यूबेशन पूल, प्रजनक पोखर, संवर्धन पोखरों का अवलोकन कर स्पॉन, फ्राई, फिंगरलिंग की उपलब्धि के संबंध में जानकारी ली। सहायक संचालक ने बताया कि जिले के मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह एवं व्यक्तिगत मत्स्य कृषकों को माह अगस्त के प्रथम सप्ताह में 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज फिंगरलिंग वितरण करना प्रारंभ कर दिया जाएगा।

- उत्पादन कार्य का किया अवलोकन

शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के तहत पंचायत के तालाबों को 10 वर्षीय लीज पर पट्टे में लेकर मछली व्यवसाय करने वाले महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़े सदस्यों के साथ कलेक्टर द्वारा चर्चा किया गया। जहां समूह के सदस्यों ने मौसमी तालाबों में मछली का उत्पादन कम एवं आमदनी 2 हजार रूपए होना बताया गया जो कि काफी कम है। तालाब डबरियों में कतला, रोहू, मृगल, ग्रास कार्प, कामन कार्प मछलियों के वृद्धि हेतु कम से कम 1 से 1.50 किलो होने पर ही बाजार में विक्रय करें।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत पोण्ड लाईनर निर्माण कर पंगेशियस एवं तिलापिया प्रजाति का पालन कर मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान को निर्देशित करते हुए कम से कम 100 किसानों को आजीविका गतिविधि से जोड़कर नारी शक्ति को बढ़ावा देने मत्स्य पालन को व्यवसायिक स्तर तक ले जाने तथा अपने पास जो संसाधन है उसको और बेहतर कैसे करें जिससे अधिक से अधिक कृषकों लाभान्वित कर सकें। इसकी कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिपं सीईओ द्वारा जानकारी दी गई कि मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित 981 डबरियां एवं मोर गांव मोर पानी के तहत निर्मित 90 जल संरचना और अमृत सरोवर तालाबों में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ तालाब/डबरियों के मेढ़ पर सब्जी एवं फलदार पौधे लगाने हेतु कार्य योजना तैयार किया जाएगा। संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान के फाउण्डर भूपेन्द्र बहादूर सिंह एवं नेचुरल फार्मिंग जल जीवन मिशन से सौरभ देवदत्त द्वारा जानकारी दी गई कि विकासखण्ड प्रतापपुर में 391 भैयाथान में 175 एवं ओड़गी में 134 डबरियों का मत्स्य उत्पादन बढ़ाने हेतु चिन्हांकित किया गया है। इस दौरान रामलाल मरावी, मनोज सिंह, गौतम राजवाड़े, शिवनारायण यादव, श्रीमती माधुरी भण्डारी, सुधाकर बिसेन, मुकेश कुमार राजवाड़े, छोटेलाल तिर्की, सतीष तिग्गा सहित अन्य मौजूद रहे।

## अनोखी सोच द्वारा असहाय परिवार के व्यक्ति का कराया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अनोखी सोच एक समाज सेवी संस्था जो मानवीय संवेदनाओं एवं मूल्यों को निभाने में अग्रणी रहती है। संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने आज एक निर्धन व्यक्ति का दाह संस्कार शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न कराया।

विदित हो कि महामायापारा निवासी बंटी कश्यप (35 वर्ष) की मृत्यु बीती रात तालाब में डूबने से हो गई। उनके पिता का स्व. देवानंद कश्यप का देहांत 2 माह पूर्व ही हुआ है। परिवार अति निर्धन एवं असहाय है और दाह संस्कार करने में भी सक्षम नहीं है। मृतक बंटी कश्यप की भाभी द्वारा अंतिम संस्कार हेतु संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू से सम्पर्क किया गया। सामाजिक सरोकार में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सूर्य प्रकाश साहू के साथ में अनोखी सोच के सदस्यों ने आवश्यक सामग्री जुटाकर पूरे विधि- विधान से मृतात्मा का दाह संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न करा के संवेदनशीलता, दयालुता का उदाहरण प्रस्तुत किया। मृत देह को मुखाग्नि उनके 10 वर्षीय भतीजे आदित्य द्वारा किया गया।

विदित हो कि 2 माह पूर्व आदित्य ने अपने स्व. दादा एवं 2 साल पूर्व अपने पिता को भी मुखाग्नि दी थी। इस परिवार को अब संभालने की पूर्ण जिम्मेदारी अब 10 वर्षीय आदित्य के मासूम कंधों पर ही है। जिसे देखते हुए अनोखी सोच संस्था द्वारा आगे भी इस परिवार के जीवन-यापन से सम्बंधित सभी जिम्मेदारियों को पूरा किया जाएगा। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू के साथ पंकज चौधरी, मोती ताम्रकार, राकेश शुक्ला, विजय बंसल, चंद्रप्रताप सिंह, भोला रक्सेल, संजू चटर्जी, मुकेश सोनी, सुनील साहू, रुपेश बेहरा, समित मुंडा, लालजी साहू, विशाल साहू, देव साहू, निशांत, नीरज, नितेश, कार्तिक, पंकज, उदय साहू, रमेश साहू, प्रदीप साहू, सोनू मुदलियार, विकास साहू, बनाफर, गजानंद साहू, गुड्डू, भक्कू मुंडा, सूरज साहू, अविनाश साहू, सचिन, संदीप दास, सौरभ दास, मनोज अग्रवाल, संजय साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मवेशी तस्करी कर रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे, वाहन छोड़ भागे तीन आरोपी

**प्रतापपुर।** मवेशी तस्करी कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि तीन चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गए। पुलिस ने 3 लाख 60 हजार कीमत के मवेशी व 18 लाख कीमत के वाहन जब्त किया है।

अवैध कार्यो पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश पर क्षेत्र में गश्त कर रहे चंदौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भटगांव की ओर से तीन पिकअप एवं एक कार से बड़ी संख्या में ठुस-ठुसकर मवेशी भर कर बनारस मार्ग से झारखंड की ओर जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी की। इसी बीच पुलिस की नाकाबंदी देखकर कार चालक गुड्डु उर्फ सइद खान व उसके साथी तीनों पिकअप वाहन को घुमाकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर महान नदी के उपर घाट के पास कार चालक गुड्डु उर्फ सईद खान को पकड़ा जबकि उसका साथी तथा तीनों पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पिकअप वाहनों की तलाशी लेने पर प्रत्येक पिकअप में 6-6 नग कुल 18मवेशी लोड़ पाया गया।



## प्राचार्य के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन

**प्रतापपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था प्रतापपुर में प्राचार्य द्वारा छात्रों के साथ अभद्रता व्यवहार करने पर आज एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को धमकी देने की बात सामने आई थी और आदिवासी छात्र-छात्राओं को संस्था से बाहर निकाला गया था। जिसे लेकर एनएसयूआई जिला सचिव दिलशाद अंसारी द्वारा ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्राचार्य के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है। कार्रवाई नहीं की जाने पर एनएसयूआई ने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान देवेंद्र पैकरा, आशी यादव, दिव्या यादव, अंजली सिंह, राजीव रवि, सुरेखा, सुषमा, साक्षी, राजू पैकरा, रितु नायक, मनीष धुर्वे, अनीता, सरस्वती, अनिला, रीता पोया, हरिकेश, संगीता सहित अन्य छात्र उपस्थित थे।



### श्रमिक संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

# बिश्रामपुर-भटगांव खदानों में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का दिखा मिलाजुला असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों एवं चार श्रम कोड बिल के खिलाफ बुधवार 9 जुलाई को संयुक्त मोर्चा द्वारा कोयला उद्योग में बुलाए गए एक दिवसीय हड़ताल का एसईसीएल में मिला जुला असर दिखा।संयुक्त मोर्चा की यूनियनों के अनुसार एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में एसईसीएल के लगभग 80% प्रतिशत कोल कर्मचारियों ने ड्यूटी से अनुपस्थित रहकर हड़ताल को सफल बनाया है।




गायत्री खदान के मुख्य द्वार पर नारेबाजी करते संगठन पदाधिकारी।



सड़क पर प्रदर्शन करते श्रमिक।

एसकेएमएस एटक के महासचिव अजय विश्वकर्मा, एसईकेएमसी इंटक के अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह तथा सीटू के महासचिव वीएम मनोहर ने सयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि केंद्र की सरकार द्वारा कोरोना काल के समय जब पूरा देश लगभग रुक सा गया था, ऐसे में केंद्र की सरकार ने गहमागहमी के दौरान 4 श्रम कोड बिल पास कराया,यह 4 कोड बिल देश के श्रमिकों के ऊपर बहुत बड़ा हमला है।देश की आजादी के पहले और बाद में देश के मेहनतकशों ने लड़ते हुए अपना बलिदान देकर 44 श्रम कानून बनवाये थे, यह सरकार 29 श्रम कानून को रद्द कर उद्योगपतियों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा मिले, इसके लिए 4 श्रम कोड बिल बनाया है। तीनो नेताओं ने बताया कि देश के सभी ट्रेड यूनियन फेडरेशन ने संयुक्त रूप से मिलकर एसईसीएल सहित कोल इंडिया में एक दिवसीय हड़ताल की है,एसईसीएल में करीब 80 प्रतिशत कर्मचारी के हड़ताल में होने से कोयला उत्पादन में व्यापक असर हुआ है। संयुक्त मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग किया है कि देश के सरकारी कारखानों, संस्थाओं का निजीकरण करना सरकार बंद करे। मेडिकल अनफिट से रोक हटाई जाये,भू विस्थापितों को उचित मुआवजा त्वरित नौकरी तथा विस्थापन की ठोस व्यवस्था हो, एसईसीएल में भ्रष्टाचार पर रोक लगे, ठेका श्रमिकों को हाई पवार का वेतन भुगतान हो, महंगाई पर रोक लगे, न्यूनतम मजदूरी 26 हजार तय हो,ठेकेदारी प्रथा खत्म कर ठेका कर्मचारियों को नियमित करना, बुनियादी अधिकारों की सुरक्षा वेतन में बढ़ोतरी करना, कोल कर्मचारी परिवार की सुरक्षा तथा प्रबंधन की दमनकारी शोषणकारी कार्यवाही समाप्त होनी चाहिए।

### पहली पाली में सामान्य दिनों के मुकाबले आधे कामगार ही पहुंचे

एक दिवसीय हड़ताल का एसईसीएल में मिलजुला असर बताया गया है।पूरे एसईसीएल क्षेत्रों में सामान्य दिनों के मुकाबले 51 प्रतिशत मजदूर काम पर पहुंचे।एसईसीएल कंपनी प्रबंधन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि सुबह की पाली और जनरल शिफ्ट में उपस्थिति करीब 51 प्रतिशत रही,दूसरी पाली में उपस्थिति तथा खदानों का कार्य संचालन सामान्य रहा।एसईसीएल की कुल 20 खुली खदानों में से 15 खदाने सामान्य रूप से संचालित रही, वहीं चार खदान आंशिक रूप से प्रभावित रहीं।भूमिगत खदानों में अपेक्षित रूप से असर देखा गया, यहां 37 भूमिगत खदानों में 28 खदानों में सामान्य रूप से कार्य हुआ जो कि आंशिक रूप से प्रभावित दिखी।गौरतलब है कि एसईसीएल का अधिकतम उत्पादन खुली खदानों के जरिए होता है। बिश्रामपुर और भटगांव में कोल उत्पादन पर आंशिक असर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बिश्रामपुर और भटगांव में उत्पादन पर आंशिक रूप से असर दिखा।



# बड़े बाल और दाढ़ी वाले लुक में नजर आए बॉबी

**मुंबई।** अपने अलग-अलग किरदारों और लुक्स से लोगों को चौंकाने वाले बॉबी देओल इन दिनों पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरमल्लु में औरंगजेब के अपने किरदार को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बीच अब बॉबी देओल की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। ये तस्वीरें किसी फिल्म के सेट की हैं। इन तस्वीरों में बॉबी देओल लंबे बालों और दाढ़ी-मूछ वाले लुक में नजर आ रहे हैं। वायरल तस्वीरों में बॉबी पर्पल कलर के आउटफिट में दिख रहे हैं। जिसमें वो शर्ट के साथ लॉन्ग जैकेट डाले हुए हैं। इन तस्वीरों में बॉबी देओल हाथों में कड़े के साथ कुछ धागे और बैंड जैसे पहने भी दिख रहे हैं।

## लाइफ Style

# कियारा

## वॉर-2 को लेकर उत्साहित, नहीं हो रहा इंतजार

ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की फिल्म 'वॉर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म को लेकर दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है और पहली बार जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन का पर्दे पर क्लैश देखने के लिए दर्शक खासा उत्साहित हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। जिसके बाद अभिनेता ऋतिक रोशन ने फिल्म की शूटिंग पूरे होने पर फिल्म के अपने अनुभवों को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने अपने को-एक्टर्स जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी का भी जिक्र किया था। अब अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने भी फिल्म को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया है और फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर एक पोस्ट शेयर किया है। कियारा ने अपने एक्स अकाउंट पर ऋतिक की पोस्ट को ही री-शेयर किया है। इसके साथ ही कियारा ने लिखा, उत्साह दोनों का एक जैसा ही है ऋतिक। आपके साथ स्क्रीन शेयर करना एक यादगार अनुभव रहा, जिसे कभी भूला नहीं जा सकता। आदी सर, तारक और हमारी शानदार टीम ने जो अद्भुत तैयार किया है, उसे लोगों के सामने लाने का इंतजार नहीं हो रहा। अपनी इस पोस्ट में कियारा ने ऋतिक और जूनियर एनटीआर को मेंशन भी किया है। इससे पहले ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर केक काटते हुए एक फोटो शेयर की थी। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करते हुए एक खास नोट भी लिखा था।



## हॉलीवुड मसाला



# जुरासिक वर्ल्ड... दर्शकों को आ रही पसंद

**मुंबई।** जुरासिक पार्क सीरीज की फ्रैंचाइज फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ'का क्रेज भारतीय दर्शकों के बीच भी देखा जा रहा है। पिछले पांच दिनों में इस फिल्म ने हालिया रिलीज बॉलीवुड फिल्मों से अच्छा कलेक्शन किया है। फिल्म ने 5वें दिन 2.77 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन भी 45.87 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म ने पहले दिन भी लगभग 9.25 करोड़ रुपए से अपना खाता खोला था। वीकएंड पर तो इस फिल्म ने जबरदस्त कमाई की। शनिवार को 13.5 करोड़ रुपए और रविवार को 16.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।




# जूलिया की तस्वीरें देख दीवाना हुए फैन...

**लॉस एंजिल्स।** सिनमाई पर्दे के नए 'मैन ऑफ स्टील' डेविड कोरेंसवेट चर्चा में हैं। वह 'सुपरमैन' बनकर शुक्रवार, 11 जुलाई को सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने की तैयारी कर रहे हैं। जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी के इस फिल्म का लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में प्रीमियर हुआ। इस दौरान, जहां एक ओर चर्चा फिल्म और इसी कास्ट की थी, वहीं हर किसी की नजर डेविड कोरेंसवेट की पत्नी जूलिया बेस्ट वार्नर पर टिकी हुई थी। जूलिया की खूबसूरती, उनकी मुस्कान, पूरे प्रीमियर के दौरान चर्चा में रही। सोशल मीडिया पर हर फिल्मी फैन की जुबान पर अब इसी हसीना का नाम है। डेविड कोरेंसवेट की तरह ही जूलिया भी एक्ट्रेस हैं। दोनों की पहली पेंसिल्वेनिया में एक थिएटर कार्यक्रम में हुई थी। तब दोनों ही हाई स्कूल में थे।




# शेयर की द वाइब्स की मुहूर्त की तस्वीर


**मुंबई।** बुधवार को मौनी रॉय ने मधुर भंडारकर के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर इसलिए खास है क्योंकि इसमें मौनी अपने हाथ में द वाइब्स के मुहूर्त का क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर मौनी रॉय ने अपनी खास तस्वीर निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर के साथ शेयर की है। इस तस्वीर में मौनी ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। वहीं मधुर भंडारकर सिंपल अंदाज में चेहरे पर मुस्कान बिखेरते नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ मौनी ने कैप्शन में लिखा, 'इस नई फिल्म के पहले दिन को लेकर मैं सचमुच उत्साहित हूं, और खुद उस्ताद के साथ इसे बनाने के लिए आभारी हूं। मौनी और मधुर की इस शानदार शुरुआत को लेकर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने लाल दिल वाले इमोजी बनाई हैं।



# एक साथ करेंगे काम इमरान और हिमेश

**मुंबई।** हिमेश रेशमिया और इमरान हाशमी की जोड़ी ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन गाने और थ्रिलर फिल्में दीं हैं। अब यह जोड़ी एक बार फिर 'गनमास्टर जी9' में साथ में काम करने को तैयार हैं। फिल्म के निर्माताओं ने बुधवार को इसका टीजर रिलीज किया है। इस खबर से फैंस उत्साहित हैं। फिल्म निर्माता दीपक मुकुट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक रहस्यमई हाथ एक दूध भरी बाल्टी से निकलता है। इस दौरान इमरान हाशमी कहते हैं। 'मुझसे मचमच किया तो चलेगा। गलती से परिवार को छुआ तो याद रखना। धंधे से दूध वाला हूं, बंदा बारूद वाला हूं।' इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है 'दूध से बारूद तक, सब्जी से गुंडा तक, गोली से पीटने तक, गनमास्टर जी9 तबाही के लिए तैयार है।

## टीवी मसाला



# फुलेरा के प्रधान पर पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप...

**नई दिल्ली।** रघुबीर यादव को 'पंचायत' ने वो दिया है, जो उन्हें उनके 40 साल के कॅरियर में नहीं मिला...और वो है घर-घर पहचान। आज हर कोई रघुबीर यादव को उनके किसी फिल्मी किरदार से ज्यादा प्रधान जी के नाम से जानता है। रघुबीर यादव के कॅरियर और फिल्मों के बारे में तो लगभग सभी जानते हैं। वह एक एक्टर ही नहीं, बल्कि सिंगर, म्यूजिक कंपोजर और डायरेक्टर भी हैं। पर उनकी निजी जिंदगी भी खूब सुर्खियों में रही है। रघुबीर यादव पर एक बार पत्नी ने संजय मिश्रा की पत्नी संग अफेयर और 14 साल का बेटा होने के आरोप लगाए थे। बाद में उनका तलाक हो गया। रघुबीर यादव ने साल 1988 में पूर्णिमा खरगा से शादी की थी, जोकि एक इंटरनेशनल कथक डांसर रही है। पूर्णिमा ने रघुबीर यादव पर एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। यही नहीं, पूर्णिमा ने यह भी दावा किया था कि रघुबीर यादव का एक्ट्रेस नंदिता दास के साथ भी चक्कर चल रहा है। पूर्णिमा ने साल 2020 में एक इंटरव्यू में पति रघुबीर यादव पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। पूर्णिमा ने कहा था कि रघुबीर का एक्टर संजय मिश्रा की पत्नी रोशनी अचरेजा के साथ अफेयर चल रहा है। रोशनी और अचरेजा का 14 साल का एक बेटा भी है। पूर्णिमा के मुताबिक, गोरेगांव शिफ्ट होने के बाद रघुबीर यादव उसी बिल्डिंग में रहने लगे थे, जिसमें संजय मिश्रा रहते थे। रघुबीर यादव अकसर ही संजय के घर जाते और उनकी रोशनी अचरेजा से दोस्ती हो गई।

## सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 की रिलीज डेट बदली

**नई दिल्ली।** हाल ही में अभिनेता केके मेनन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह जानकारी दे रहे हैं कि तय तारीख पर सीरीज 'स्पेशल ऑप्स 2' का प्रीमियर नहीं होगा। अब 'स्पेशल ऑप्स 2' 11 जुलाई की बजाय 18 जुलाई को रिलीज होगा। कुछ चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं होती है, इसलिए हमें यह फैसला लेना पड़ा है। मगर दर्शकों को एक साथ ही सभी एपिसोड देखने को मिलेंगे। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी। स्पेशल ऑप्स 2 में भी स्पेशल एजेंट हिम्मत सिंह अपनी टीम के साथ आतंकवादियों का मुकाबला करेगा। इस बार इंटरनेशनल लेवल का मिशन हिम्मत सिंह हैंडल करेगा। नीरज पांडे निर्देशित इस सीरीज में इस बार साउथ के पॉपुलर एक्टर प्रकाश राज भी नजर आएंगे। प्रकाश राज, केके मेनन के अलावा इस सीरीज में करण टैकर, फारुक अली भी नजर आएंगे। ये भी सीरीज में स्पेशल एजेंट्स के रोल में नजर आएंगे। इस सीरीज के पहले सीजन को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।



# गुरु दत्त के 100वें जन्मदिन का जश्न

## आईएफएफएम करेगा भारत में विशेष फिल्म स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** मेलबर्न में होने वाले भारतीय फिल्म महोत्सव 2025 में गुरु दत्त की दो मशहूर फिल्में- प्यासा और कागज के फूल की विशेष स्क्रीनिंग होगी। यह आयोजन भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम युग को श्रद्धांजलि देने का हिस्सा है। आईएफएफएम की निदेशक मीतू भौमिक लांगे ने कहा, गुरु दत्त की फिल्में न केवल क्लासिक हैं, बल्कि भारतीय सिनेमा की आत्मा को दर्शाती हैं। हम उनकी प्रतिभा को नए दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं।



**गुरु दत्त की फिल्मों का खास प्रदर्शन :** खासतौर पर भारत में 8 से 10 अगस्त तक अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा गुरु दत्त की फिल्मों का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें प्यासा के 4के रीस्टोर्ड संस्करण के साथ आर पार, चौदहवीं का चांद, मिस्टर एंड मिसेज 55, और बाज जैसी फिल्में शामिल होंगी। ये फिल्में एनएफडीसी-एनएफएआई द्वारा सावधानी से रीस्टोर की गई हैं, ताकि उनकी खूबसूरती और भावनाएं बरकरार रहें।

### धरोहर को संरक्षित करना है उद्देश्य

अल्ट्रा मीडिया के सीईओ सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा, 'हमें गर्व है कि हम गुरु दत्त की कालजयी फिल्मों को बड़े पर्दे पर फिर से पेश कर रहे हैं।' एनएफडीसी के निदेशक प्रकाश मगदुम ने बताया कि यह प्रयास राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारतीय सिनेमा की धरोहर को संरक्षित करना है। गुरु दत्त की फिल्में, जैसे साहिब बीबी और गुलाम और सांझ और सवेरा, आज भी दर्शकों को प्रेरित करती हैं।

# सिद्धांत और तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का पोस्टर हुआ जारी

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की बहुप्रतीक्षित फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर जल्द ही आने वाला है। फिल्म के मेकर्स ने इसका ऐलान बुधवार को किया है। इस फिल्म का निर्देशन शाजिया इकबाल कर रही हैं। यह फिल्म साल 2018 में आई फिल्म धड़क का रीमेक है। फिल्म को राहुल बडवेल्कर के साथ मिलकर शाजिया इकबाल ने लिखा है। फिल्म निर्माताओं ने बताया है कि धड़क 2 का ट्रेलर 11 जुलाई को रिलीज होगा। मेकर्स ने सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की नई फिल्म के पोस्टर का अनावरण भी किया है। पोस्टर पर लिखा हुआ है 'मरने और लड़ने में से एक को चुनना हो तो लड़ना। इसके बाद लिखा है ट्रेलर इस शुक्रवार को आएगा। पोस्टर में फिल्म की रिलीज की तारीफ भी बताई गई है। यह फिल्म साल 2018 में आई ईशान खट्टर की फिल्म 'धड़क' की रीमेक है। जो साल 2016 में रिलीज हुई मराठी फिल्म सैराट की सीक्वल थी। इसका निर्देशन नागराज मंजुले ने किया था। बताया जाता है कि हाल ही में 16 कट के बाद धड़क 2 को यूए सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म में गालियों को म्यूट किया गया है और सवर्ण शब्द के इस्तेमाल को हटा दिया गया है।




## 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस' रिलीज के बाद से बनी हुई है चर्चाओं में

# राजनीतिक घटनाक्रमों पर आधारित हैं ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नागेश कुकुनूर की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस'अपनी रिलीज के बाद से लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्याकांड पर आधारित इस सीरीज को समीक्षकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। हालांकि, 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस'से पहले भी राजीव गांधी हत्याकांड समेत कई राजनीतिक मुद्दों पर फिल्में व सीरीज बन चुकी हैं।*

**मद्रास कैफे :** शूजित सरकार द्वारा निर्देशित 'मद्रास कैफे'भी राजीव गांधी के हत्याकांड पर ही आधारित है। 2013 में आई इस फिल्म में जॉन अब्राहम और नरगिस फाकरी ने प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म में 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत में श्रीलंका के गृहयुद्ध में भारतीय हस्तक्षेप और भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के समय की कहानी को दिखाया गया है।

**इमरजेंसी :** कंगना रनौत द्वारा निर्देशित और उनकी मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'इमरजेंसी' 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाई गई इमरजेंसी पर आधारित है। फिल्म में इमरजेंसी से पहले और बाद के राजनीतिक घटनाक्रमों को दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाई थी। फिल्म में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, सतीश कौशिक और मिलिंद सोमण प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।




**केसरी 2 :** इसी साल रिलीज हुई अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे की फिल्म 'केसरी 2' जलियांवाला बाग कांड पर आधारित है। इस फिल्म में 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग गोली कांड को दिखाया गया है। जो देश के इतिहास का सबसे बड़ा नरसंहार है। फिल्म में शंकरन नायर की अंग्रेजों के खिलाफ कानूनी लड़ाई को दिखाया गया है।

**ग्रहण :** त्य व्यास की किताब चौरासी पर आधारित वेब सीरीज ग्रहण में भी 1994 में हुए सिख दंगों को दिखाया गया है। जियो हॉटस्टार पर मौजूद इस सीरीज में एक परिवार की कहानी को दिखाया गया है। जो 84 के दंगों में पीड़ित होते हैं और उसके बाद उनके परिवार पर क्या असर पड़ता है, ये सब इस सीरीज में देखने को मिलता है।

***जोगी*** *: दिलजीत दोसांझ की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'जोगी' इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के सिख दंगों पर आधारित है। फिल्म की शुरुआत 31 अक्टूबर 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के साथ होती है। इसके बाद फिल्म में दिल्ली और देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए दंगों की कहानी को दिखाया गया। फिल्म दिल्ली के त्रिलोकपुरी में रहने वाले सिखों पर इस दंगे से पड़ने वाले प्रभाव पर आधारित है। कैसे वो इन दंगों से बचते हैं। इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने निर्देशित किया है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।*

***31 अक्टूबर*** *: 2016 में आई फिल्म '31 अक्टूबर' भी इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद देश में हुई घटनाओं को दिखाती है। फिल्म में सोहा अली खान और वीर दास प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का केंद्र सिख दंगों पर है। फिल्म में वीर दास ने एक सिख की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन शिवाजी लोटन पाटिल ने किया है।*

# गुंडागर्दी : बैरियर स्टाफ ने एंबुलेंस को रोका, विरोध पर पालतू कुत्ते से कटवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार की देर रात सूरजगढ़ पुल पर स्थित बैरियर स्टाफ द्वारा राहगीरों के साथ दबंगई करने का मामला सामने आया है। स्टाफ द्वारा वसूली के चक्कर में एक एंबुलेंस को रोकने पर राहगीरों ने जब विरोध किया तो दबंगों ने उन पर अपने पालतू कुत्ते को छोड़ दिया।

जिससे उक्त कुत्ते ने एक युवक को बुरी तरह काट लिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने बहस करने वाले एक चारपहिया वाहन को ओवरटेक कर वाहन के कांच को तोड़ने और वाहन में सवार लोगों को मारने के लिए जबरन बाहर निकालने का प्रयास किया। जिससे रात के समय इस मार्ग से गुजरने वाले लोग दहशत में हैं। सरिया निवासी अजीत पात्रे ने हरिभूमि को बताया कि मंगलवार को वो अपने कुछ साथियों के साथ रायगढ़ आया था। जहां से काम निपटाने के बाद रात में सभी वापस सरिया जा रहे थे। तभी रात करीब 12 बजे सूरजगढ़ पुल में भारी वाहनों का लंबा जाम लगा था। अजीत ने बताया कि बैरियर स्टाफ द्वारा भारी वाहनों से वसूली की जा रही थी, इस वजह से जाम लगा हुआ था। चूंकि जाम में अन्य राहगीरों के साथ ये भी फंस गए। इसी बीच इन्होंने देखा कि एक एंबुलेंस भी काफी देर से जाम में फंसा हुआ तब राहगीरों ने बैरियर स्टाफ से पूछताछ शुरू कर दी। जिससे स्टाफ के गुंडे दर्जनभर की संख्या में आ गए और राहगीरों से ही उलझ पड़े। तभी बैरियर स्टाफ द्वारा अपने पालतू कुत्ते को छोड़ कर लोगों को काटने के लिए इशारा कर दिया गया। कुत्ते द्वारा दौड़ाने से सभी इधर-उधर भागने लगे और कुछ अपने वाहन में जाकर छिप गए। तभी कुत्ते ने अजीत के दोस्त राजाराम प्रधान को बुरी तरह काट कर जख्मी कर दिया। इसके कुछ देर बाद जाम खुला तो राहगीर वहां से निकल गए, लेकिन अजीत प्रधान व साथी वहीं फंस गए। इसके बाद जब वो वहां से जाने लगे तो बैरियर स्टाफ द्वारा उनकी चारपहिया वाहन को पीछा कर रोक दिया गया। वहीं गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उनके कार के शीशा को तोड़ने का प्रयास किया गया। आरोपी बार-बार उन्हें वाहन से नीचे उतरने को बोल रहे थे। उनकी गुंडगर्दी देख ये दहशत में आ गए और किसी तरह वहां से भाग कर पुसौर अस्पताल पहुंचे। जहां कुत्ते के शिकार युवक को इलाज करा कर अपने घर गए।

### सूरजगढ़ पुल में दबंग स्टाफ ने युवकों को भी किया मारने का प्रयास



### पहले भी वसूली और बदसलूकी का लग चुका है आरोप

सूरजगढ़ पुल में बैरियर स्टाफ का यह कोई पहला कारनामा नहीं है। इससे पहले भी बैरियर स्टाफ द्वारा राहगीरों से वसूली और दुर्व्यवहार के मामले सामने आ चुके हैं, इसके बाद भी इनकी गुंडागर्दी पर कोई लगाम नहीं लग रहा है। कई बार इनके खिलाफ पुसौर थाने में भी शिकायत हो चुकी है।

> ऐसी किसी घटना के बारे में मुझे जानकारी नहीं है, मैं इस बारे में पता लगाता हूं। शिकायत मिलने पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अमित कश्यप**
> ईई, पीडब्ल्यूडी।

## संचालक और प्रशासन पर सांठगांठ का आरोप, विरोधकर्ता भी चुप

# किसकी अनुमति से शहर में लग रहा मीना बाजार, कमिश्नर व एसडीएम को भनक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के सावित्री नगर और ट्रांसपोर्टनगर में इस बार तीन मीना बाजार लगाया जा रहा है। खास बात यह है कि मीना बाजार लगाने की अनुमति किसने दी है, इसकी जानकारी ना तो नगर निगम कमिश्नर को है और न ही एसडीएम को इस बारे में कोई जानकारी है। जिससे तो यही लग रहा है कि इस बार भी लंबी सेटिंग हुई है। इधर हर साल मीना बाजार का विरोध करने वाले नेता व स्थानीय निवासियों ने भी मीना बाजार संचालक और प्रशासन पर सांठगांठ का आरोप लगाकर चुप्पी साध ली है। जिससे नियम-कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है।

रायगढ़ का प्रसिद्ध जन्माष्टमी मेला आने में अभी करीब सवा महीने का समय बचा है। जिसे देखते हुए इस बार भी सावित्री नगर में एक व ट्रांसपोर्टनगर में दो मीना बाजार लगना शुरू हो गया है। इतने सालों से अब तक यह देखा जा रहा था कि मीना बाजार लगने से पूर्व ही क्षेत्रवासी वहां लगने वाले जाम, आपराधिक वारदातों को देखते हुए इसका विरोध करते हैं। पिछले साल भी वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद पति व वर्तमान भाजपा पार्षद मुक्तिनाथ बबुआ सहित क्षेत्रवासियों ने इसका जमकर विरोध किया था। निगम कमिश्नर, एसडीएम से बार-बार शिकायत करने के बाद भी जब मीना बाजार के संचालन पर रोक नहीं लगा तो उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वहीं हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी, इसके बाद भी मीना बाजार संचालन हुआ। वहीं इस बार पार्षद व स्थानीय नेताओं ने भी चुप्पी साध ली है, जिससे शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। दूसरी बात यह है कि मीना बाजार शहर में लग रहा है तो संचालक को नगर निगम कमिश्नर व एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी अधिकारी अपने उपर बात न आए इसलिए गोलमोल जवाब देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।



### जाम में एम्बुलेंस निकलने तक की नहीं रहती जगह

सावित्रीनगर और ट्रांसपोर्टनगर में मीना बाजार लगने से विश्वासगढ़ चर्च से ट्रांसपोर्ट नगर तक रोजाना लंबा जाम लगता है। स्थिति यह हो जाती है कि स्थानीय निवासी अपने घरों में कैद हो जाते हैं, घर से निकलना, वाहन निकालना इनके लिए काफी मुश्किल हो जाता है। इतना ही नहीं अगर इसी बीच किसी को कुछ हो जाए तो इस मार्ग में एंबुलेंस आने और जाने तक की जगह नहीं रहती। इसी के चलते हर साल लोग यहां लगने वाले मीना बाजार का विरोध करते हैं, लेकिन इस बार वो शांत नजर आ रहे हैं।

> शहर के सावित्री नगर और ट्रांसपोर्ट नगर में मीना बाजार लगाने की अनुमति नगर निगम से ली गई या नहीं यह मेरे संज्ञान में नहीं है, मुझे देखना पड़ेगा।
>
> **बृजेश सिंह क्षत्रिय** कमिश्नर, नगर निगम, रायगढ़

> शहर में मीना बाजार लगाने की अनुमति वाला कोई प्रकरण अभी तक मेरे पास नहीं आया है और न ही मेरे तरफ से कोई अनुमति जारी की गई है।
>
> **महेश शर्मा**
> एसडीएम, रायगढ़।

### एमआईसी सदस्य लाचार, अधिकारियों पर लगा रहे आरोप

पिछले साल जब शहर में कांग्रेस की सरकार थी तब स्थानीय भाजपा के पार्षद पति मुक्तिनाथ बबुआ ने खुलकर विरोध किया था। वहीं अब जब शहर में भाजपा की सरकार हैं और वो भाजपा पार्षद होने के साथ-साथ एमआईसी के सदस्य हैं तो उल्टा शांत पड़ गए हैं। इस संबंध में जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम जबरदस्ती हाईकोर्ट का चक्कर काटते हैं और घर से डेढ़-दो लाख खर्च हो जाता है। अधिकारी-कर्मचारी सब मिलकर मीना बाजार संचालक से पैसा खा लेते हैं और मीना बाजार संचालन की अनुमति दे देते हैं, इससे हमारी बदनामी होती है। पिछले साल हम लोगों ने चंदा करके डेढ़ लाख वकील को दिया था, जिसका कोई परिणाम नहीं निकला। कमिश्नर, एसडीएम, एसपी सब सांठगांठ कर हर साल इसकी अनुमति दे देते हैं।

### शॉर्टकट के चक्कर में कभी भी हो सकती है अनहोनी घटना

जन्माष्टमी के समय एक तो वैसे भी शहर में हजारों श्रद्धालुओं के आगमन से चारों दिशाओं में जाम लगा रहता है। इसी बीच मीना बाजार जाने वाले लोग मालधक्का रोड (रेलवे अंडरब्रिज) का उपयोग करते हैं। वहीं अगर बारिश में अंडरब्रिज में पानी भरा हो तो दर्जनों की संख्या में लोग ब्रिज के उपर से ट्रैक पार करके मीना बाजार देखने के लिए जाते हैं। ऐसा हर साल देखने को मिलता है, जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं रहता। अगर इसी बीच अचानक ट्रेन के आ जाने से कोई अनहोनी घटना घटित हो जाए तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

### आपराधिक वारदातों से पुलिस की बढ़ जाती है चुनौती

दरअसल हर साल मीना बाजार लगते ही यहां आपराधिक वारदातों में इजाफा होता है। मीना बाजार के गुंडे जहां खुलेआम दादागिरी कर लोगों से मारपीट करते नजर आते हैं तो वहीं दूसरी तरफ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी यहीं अपना डेरा जमा लेते हैं। उनके द्वारा छेड़खानी, पॉकिटमारी, लूटपाट, चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दिया जाता है, जिससे एक माह तक जूटमिल पुलिस की परेशानी बढ़ जाती है।

### कार्रवाई का है अधिकार लेकिन कभी होती नहीं

पिछले साल भी नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा बिना अनुमति मीना बाजार संचालन करने की बात कही जा रही थी, लेकिन अपने पास कार्रवाई का अधिकार होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बार भी जब अधिकारी कह रहे हैं कि उनसे कोई अनुमति नहीं ली गई है तो आखिर मीना बाजार बेरोक-टोक कैसे लग रहा है, सह सबसे बड़ा सवाल है।



# शराब दुकान के विरोध में महिलाओं ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल क्षेत्र में संचालित शराब दुकान हटाने को लेकर बुधवार को इलाके की महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। महिलाएं दुकान के सामने पहुंची और दुकान हटाने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगी। महिलाओं के विरोध की सूचना मिलने पर जूटमिल पुलिस और आबकारी अमला मौके पर पहुंचा और महिलाओं को समझाइश देकर किसी तरह शांत कराया गया।

दरअसल बुधवार की सुबह जूटमिल क्षेत्र में स्थित पुराना सारंगढ़ बस स्टैंड में नगर निगम की टीम ने ठेले गुमटियों को उठवा कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। निगम के तोड़फोड़ अभियान के दौरान ही स्थानीय महिलाएं क्षेत्र में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग करने लगी। महिलाएं शराब दुकान के सामने इकट्ठा हो गई और दुकान का विरोध करने लगी। सुबह दुकान भी खोलने नहीं दिया गया। महिलाओं का कहना था कि शराब दुकान की वजह से इलाके में शराबखोरी बढ़ रही है। पति, बच्चे शराब पी रहे हैं, जिससे परिवार तबाह हो रहा है। उन्होंने कई बार शराब दुकान हटाने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं ठेले गुमटी भी शराब दुकान की वजह से ही लग रहे हैं, ऐसे में वे इसका विरोध कर रही हैं। वहीं शारब दुकान के विरोध की सूचना मिलते ही पुलिस व आबकारी विभाग की टीम मौके पर पंहुची औऱ प्रदर्शन कर रही महिलाओं को किसी तरह समझाइश देकर शांत कराया तब कहीं जा कर शराब दुकान खुल सकी। बताया जा रहा है आबकारी विभाग द्वारा विरोध कर रही महिलाओं से दो दिन की मोहलत मांगी गई है, इसके बाद इस विषय में कलेक्टर से चर्चा कर कोई निर्णय लिया जाएगा।

**खास बात**
- आबकारी विभाग ने मांगी मोहलत

## खबर संक्षेप

### राशन घोटाला करने वाले चार गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर विकासखण्ड के कांदागढ़ स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में वर्ष 2018 में राशन वितरण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया था। मामले में शिकायत मिलने पर पुसौर थाना में चार आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। रिपोर्टकर्ता अंजनी कुमार राव, सहायक खाद्य अधिकारी पुसौर द्वारा थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि कांदागढ़ के शासकीय उचित मूल्य दुकान में सचिव कृषचंद कर्ष, सरपंच श्रीमती सोमति सिदार, सहयोगी गौरहरि निषाद, प्रशांत सेठ और टिकेश्वर सेठ द्वारा माह जून, जुलाई व अगस्त 2018 में शासन से प्रदाय किए गए खाद्यान्नों चावल, शक्कर, नमक और केरोसिन का वितरण नहीं कर अफरा-तफरी करते शासकीय अमानत में खयानत की गई है। जांच में कुल 232.38 क्विंटल चावल, 14.53 क्विंटल शक्कर, 4.16 क्विंटल नमक व 1369 लीटर केरोसिन की गड़बड़ी पाई गई, जिससे शासन को आर्थिक हानि हुई। तत्कालीन खाद्य निरीक्षक राजन कश्यप द्वारा 24 अगस्त 2018 को दी गई जांच रिपोर्ट व दस्तावेजों के आधार पर प्रकरण की रिपोर्ट 6 फरवरी 2025 को प्राप्त हुई, जिस पर प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के बयान लिए गए तथा आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तत्कालीन सचिव कृषचंद कर्ष की मृत्यु की जानकारी प्राप्त हुई है, आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### भूख हड़ताल पर बैठे चैतराम साहू

**रायगढ़।** छाल प्रभावितों को उनका हक दिलाने ओबीसी महासभा के संभाग अध्यक्ष चैतराम साहू भूख हडताल पर बैठे हैं। उनका कहना है कि जब तक प्रभावितों को सरकार उनका हक नहीं देती तब तक वे हडताल जारी रखेंगे। हडताली का कहना है कि छाल अंचल के जनता को अच्छा और टिकाऊ रास्ता मिले, प्रदूषण मुक्त हवा मिले, प्रभावितों को उचित मुआवजा मिले और कोयला कार्यों से संबंधित कंपनियों से धोखधड़ी ना होकर न्याय मिले। इन मांग के लिए मौन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। आज दूसरे दिन 11 बजे अचानक स्वास्थ्य खराब हुआ जिसे जांचने प्रशासन द्वारा डॉक्टरों की टीम धरना स्थल पर पहुंची थी।

### आंबा सहायिका के रिक्त पदों पर 23 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण जिला.रायगढ़ के अंतर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र केराझर तथा आँगनबाड़ी केन्द्र मनुवापाली में कार्यरत सहायिकाओं के त्यागपत्र दिये जाने से आंगनबाड़ी सहायिका का पद रिक्त हो गया है। अतएव ग्राम केराझर एवं मनुवापाली में आँगनबाड़ी सहायिका के रिक्त एक.एक पद की पूर्ति हेतु 23 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आँगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तों का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### पहले ही प्रयास में श्रेया बनीं सीए

**सरसींवा।** पारिवारिक कारणों के चलते दो बार कठिनाइयों का सामना करते हुए परीक्षा नही देने का फैसला लेने वाली श्रेया अग्रवाल ने पहले प्रयास में ही सीए की परीक्षा क्लियर कर लिया है। श्रेया के परीक्षा क्लियर करने से अग्रवाल समाज मे हर्ष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार श्रेया अग्रवाल शुरू से अपने विद्यार्थी जीवन में मेधावी छात्रा रही है। बीच मे पारिवारिक घटना के नाम से दो बार परीक्षा नही दिलाई। लेकिन आखिर में उसने कडी मेहनत के बूते परीक्षा क्लियर कर लिया है। श्रेया ने इसका सारा श्रेय अपने पिताजी गोविंद अग्रवाल एवं माताजी सुनीता अग्रवाल के साथ साथ मामा टेकचंद अग्रवाल को दिया है।



# किसानों को 15 हजार 486 मीट्रिक टन खाद का किया गया वितरण

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के कुल 69 सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ वर्ष 2025 में खाद का अग्रिम भण्डारण करते हुए खाद वितरण का कार्य किया जा रहा है।

रायगढ़ जिले में 20,773 टन खाद का भण्डारण समितियों द्वारा किया जा चुका है तथा 15,486 मैट्रिक टन खाद वितरण जिले के किसानों को किया जा चुका है। साथ ही बीज निगम के माध्यम से कृषकों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। कुल लक्ष्य 28,920 क्विंटल के विरूद्ध 26,379 क्विंटल बीज का भण्डारण कराया जा चुका है तथा 18,452 क्विंटल बीज का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। फसल की उत्पादकता को बनाए रखने में पूरी तरह से सक्षम है सिंगल सुपर फास्फेट एवं एनपीके उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषकों के द्वारा डीएपी की मांग सबसे अधिक रही है।



# विद्युत सुरक्षा सप्ताह जेपीएल तमनार में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जेपीएल तमनार में विद्युत सुरक्षा सप्ताह सुरक्षित ऊर्जा सुरक्षित राष्ट्र, विद्युत सुरक्षा गैर समझौता इस वर्ष का थीम को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जनजगरुकता कार्यक्रम, सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, निबंध क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिप्ट आडिटोरियम तमनार में 7 जुलाई को विद्युत सुरक्षा सप्ताह समापन कार्यक्रम में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत सत्कार किया गया।

जेपीएल तमनार प्लांट हेड गजेन्द्र रावत ने कहा कि विद्युत सुरक्षा सप्ताह में लिए गए सुरक्षा शपथ को हर दिन आत्मसात करते हुए सुरक्षा के प्रति ईमानदारी के साथ कार्य करते शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्ति करें। वित्तीय वर्ष में विद्युत दुर्घटना शून्य हो। उत्पादन हानि के डर से कोई भी कार्य मे सुरक्षा से समझौता ना करें। किसी भी प्रकार की शंका हो तो अपने अधिकारी से जानकारी लेकर सावधानियों के साथ करें। जिससे किसी भी दुर्घटना की आशंका ना रह जाये। वर्क शॉप में दिए गए निर्देशों का पालन करने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए संयत्र को औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में बुलंदियों पर ले जाने शून्य क्षति लक्ष्य पाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। ग्रुप ओएंडएम के तिवारी ने कहा कि हर कार्य सुरक्षित हर दिन सुनिश्चित करने, विद्युत सुरक्षा की प्राथमिकता पर बल दिया। अरुण नारायण ने स्वागत उद्बोधन करते हुए विद्युत सुरक्षा सप्ताह भर के कार्यक्रम की सराहना की और विद्युत सुरक्षा को एक जिम्मेदारी समझकर अपने दिनचर्चा में शामिल करने की आग्रह किया।



* **रायगढ़।** केंद्र पोषित नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल ऑयल पॉम योजना अंतर्गत जिले में चल रही मेगा प्लांटेशन ड्राइव से किसानों को ऑयल पॉम की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। रायगढ़ में किसान इस योजना का लाभ ले रहे हैं।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
राँची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

## आदित्यपुर सेक्शन में आधुनिकीकरण के चलते रेलवे ने लिया फैसला

# जुलाई से अक्टूबर तक प्रभावित रहेंगी लंबी दूरी की कई ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ट्रेनों में लंबा सफर करने के ईच्छुक रेलयात्रियों के लिए राहत की खबर नहीं है। दरअसल आदित्यपुर सेक्शन में आधुनिकीकरण के कारण कई ट्रेनें प्रभावित होंगी। ट्रेनों का परिचालन जुलाई से लेकर अक्टूबर महीने तक प्रभावित होगा। इससे रेल यात्रियों की फजीहत बढने के आसार हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के गामहारीया जंक्शन आदित्यपुर सेक्शन अप व डाउन लाइन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन के द्वारा आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 15 जुलाई से 4 अक्टूबर तक कार्य किया जाएगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 15, 19, 22, 26, 29 जुलाई व 2 अगस्त को गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटा- बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी तरह 9, 12, 16, 19, 23 व 26 अगस्त को गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस टाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके अलावा 18, 25 जुलाई, 1, 11, 18 व 25 अगस्त को गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया कटक, सम्बलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर चलेगी। इतना ही नहीं 14, 21, 28 जुलाई, 8, 15, 22, 29 अगस्त, 5, 12, 19, 26 सितंबर व 3 अक्टूबर को गाड़ी संख्या 18478 योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी एवं कटक होकर चलेगी। 15, 22 व 29 जुलाई को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस सिनी-कान्ड्रा जंक्शन होकर चलेगी। इसके अलावा 18, 25 जुलाई व 1 अक्टूबर को आरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस कान्ड्रा जंक्शन-सिनी होकर चलेगी।



### महादेवसाल स्टेशन में 4 जोड़ी गाड़ियों का अस्थायी ठहराव

महादेवसाल मंदिर में श्रावणी मेला के अवसर पर दर्शनार्थियों की विशेष सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के महादेवसाल स्टेशन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली 04 जोड़ी गाड़ियों का 2 मिनट के लिए अस्थायी ठहराव की सुविधा 11 जुलाई से 9 अगस्त तक दी गई है। इस सुविधा की उपलब्धता से श्रावणी मेला के अवसर पर महादेवसाल मंदिर के दर्शनार्थियों को बेहतर यात्रा सुविधा सुनिश्चित होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411